# शासकीय कंगला मांझी महाविद्यालय, डौण्डी
## जिला – बालोद ( छत्तीसगढ़ )

E-mail ID - Kmcollege.doundi@gmail.com



## स्थापना 18 जुलाई 2006

# विवरण पत्रिका 2020



**परिचय :–** जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूरी पर स्थित स्वतन्त्रता सेनानी क्रांतिवीर कंगला मांझी के नाम पर संचालित यह महाविद्यालय प्राकृतिक सुषमा से युक्त डौण्डी नगर से 02 किलोमीटर पूर्व ग्राम पंचायत कामता में स्थापित है। 08 जुलाई 2006 में स्थापित आदिवासी क्षेत्र का यह एक मात्र महाविद्यालय 13 अगस्त 2008 से अपने नये भवन दल्लीराजहरा–भानुप्रतापपुर मार्ग पर 3.50 एकड़ क्षेत्रफल में संचालित है। आदिवासी छात्र–छात्राओं से भरा–पूरा यह महाविद्यालय स्नातक स्तर पर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों में हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय दुर्ग (छ.ग.) से स्थायी रुप से सम्बद्ध है तथा अनेक सकारात्मक कारणों से क्षेत्र में आकर्षण का केन्द्र बना हैं।

**रैगिंग एक दण्डनीय अपराध है।**

Scanned with CamScanner

## महाविद्यालय में संचालित संकाय एवं पाठ्यक्रम प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष :-

स्नातक ( कला संकाय ) :- कुल स्थान - 150

अनिवार्य विषय - हिन्दी भाषा, अंग्रेजी भाषा, पर्यावरण
राजनीति विज्ञान, भूगोल

ऐच्छिक अर्थशास्त्र / इतिहास (कुल स्थान - 45)
हिन्दी साहित्य / समाज शास्त्र (कुल स्थान - 40)

स्नातक ( विज्ञान संकाय ) :- कुल स्थान - 100

अनिवार्य विषय - हिन्दी भाषा, अंग्रेजी भाषा, पर्यावरण

बायो समूह रसायन, जन्तु विज्ञान
ऐच्छिक वनस्पति विज्ञान / सूक्ष्म जीवविज्ञान

गणित समूह रसायन, भौतिकी, गणित कुल स्थान - 30

स्नातक ( वाणिज्य संकाय ) :- कुल स्थान - 70

अनिवार्य विषय - हिन्दी भाषा, अंग्रेजी भाषा, पर्यावरण
सभी अनिवार्य विषय

### -: विशेष सुविधाएं :-

**ग्रंथालय एवं वाचनालय** :- महाविद्यालय में स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य के तीनों वर्षो के लिए पर्याप्त पुस्तकें उपलब्ध हैं। वर्तमान में लगभग 7,000 (सात हजार) पुस्तकों के अतिरिक्त अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं बी.पी.एल. छात्र-छात्रा के लिए भी बुक-बैंक की व्यवस्था हैं। इसके अतिरिक्त ग्रंथालय में साहित्यिक एवं प्रतियोगिता की तैयारी हेतु कम्प्यूटर, पी.एम.टी., पी.ई.टी., सामान्य ज्ञान, प्रतियोगिता दर्पण, महापुरुषों के जीवन पर आधारित पुस्तकें, रोजगार समाचार, रोजगार नियोजन, दैनिक समाचार-पत्र (नवभारत, दैनिक भास्कर, नई दुनिया, पत्रिका, The Hitavada (अंग्रेजी)) आदि उपलब्ध हैं। छात्र-छात्राओं के अध्ययन के लिए महात्मा गांधी वाचनालय की स्थापना की गई हैं।

**प्रयोगशाला** :- महाविद्यालय में रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं भूगोल विषयों में अलग-अलग प्रयोगशाला की व्यवस्था है। यहॉ छात्र-छात्राएं संबंधित प्राध्यापक, प्रयोगशाला तकनीशियन एवं प्रयोगशाला परिचारक की देखरेख में प्रायोगिककार्य सम्पन्न करते हैं।

**कम्प्यूटर कक्ष** :- महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर में दक्षता प्रदान करने हेतु कम्प्यूटर कक्ष में दस कम्प्यूटर सेट की व्यवस्था है सहायक प्राध्यापक श्री एन.के.साकरे एवं प्रयोगशाला परिचारक श्री राहुल देवॉगन इसके प्रभारी हैं।

**रेडक्रॉस (रेडरिबन क्लब)** :- महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब का प्रारम्भ किया गया है जिसके प्रभारी श्री विनोद कुमार कोमा है। जिन छात्र-छात्रा को एन.एस.एस. में स्थान नहीं मिल पाता वे इसमें पंजीकृत होकर स्वास्थ्य संबंधी जागरुकता लाने का प्रयास करते हैं।

Scanned with CamScanner

**राष्ट्रीय सेवा योजना** :– महाविद्यालय में जुलाई 2013 से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई संचालित है। यहाँ पंजीकृत छात्र–छात्राओं के लिए 100 की संख्या निर्धारित है। कार्यक्रम अधिकारी श्री विनोद कुमार कोमा के मार्गदर्शन में ''बी'' प्रमाण पत्र एवं ''सी'' प्रमाण पत्र के छात्र–छात्रा पंजीकृत होते हैं। यहाँ के छात्र–छात्रा राज्य स्तरीय एवं राष्ट्र स्तरीय शिविर में भाग ले चुके हैं। इकाई द्वारा गोद ग्राम का चयन, दैनिक गतिविधि एवं विशेष सप्त दिवसीय शिविर संचालित होते हैं।

**क्रीड़ा (खेलकूद) विभाग** :– महाविद्यालय में संचालित क्रीड़ा विभाग के प्रभारी श्री एन.के.साकरे हैं। शतरंज, व्हालीवॉल, कैरम, क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, चायनीस चेकर आदि के साथ–साथ गोला, तवा, भाला, खो–खो, कबड्डी आदि के लिए अभ्यास (प्रतियोगिता) कराया जाता हैं।

**पत्रिका प्रकाशन** :– महाविद्यालय में वार्षिक पत्रिका ''मांझी'' का प्रकाशन किया जाता है जिसमें प्राध्यापक एवं छात्र/छात्रा की रचना प्रकाशित की जाती है।

**रोजगारोन्मुख गतिविधियाँ (विशेष कोचिंग)** :– महाविद्यालय में पाठ्यक्रम अध्यापन के अतिरिक्त प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु इच्छुक छात्रों की अतिरिक्त कक्षाये ली जाती है। साथ ही साथ इन कक्षाओं में रोजगार हेतु मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रदान किये जाते है।

**विद्यार्थियों हेतु निर्देश** :–

1) रैगिंग एक दण्डनीय अपराध है। रैगिंग में लिप्त होने पर दिये जाने वाले दण्ड :– प्रवेश निरस्त किया जाना, कक्षा/छात्रावास से निष्कासित किया जाना, छात्रवृत्ति अथवा अन्य सुविधा रोकना, परीक्षाओं से वंचित करना, परीक्षा परिणाम रोकना, राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय तथा युवा–उत्सव में भाग लेने पर प्रतिबंध, आर्थिक दण्ड रुपये 25,000/–तक,संस्था से रेस्टीकेट किया जाना।
2) महाविद्यालय परिसर में मोबाईल का उपयोग वर्जित है।
3) महाविद्यालय में कक्षा प्रारम्भ होने के पश्चात् महाविद्यालय परिसर में प्रवेश की मनाही है। इसी प्रकार समस्त कक्षाओं की समाप्ति पश्चात् ही विद्यार्थियों को जाने की अनुमति है।
4) महाविद्यालय में समस्त विद्यार्थी **शालीन वेशभूषा** में ही उपस्थित होंगें। किसी प्रकार की **अशोभनीय वेशभूषा** में विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश की अनुमति नहीं है।
5) महाविद्यालय में पार्किंग शेड में व्यवस्थित ढ़ंग से साइकिल/वाहन आदि की पार्किंग करेंगें।
6) प्राचार्य एवं अनुशासन समिति द्वारा छात्र/छात्रा को दिये गये निर्देश सभी के लिए मान्य होंगें।

Scanned with CamScanner

# —: महाविद्यालय परिवार :—

| क्र. | विषय | स्वी. | कार्यरत अधिकारी / कर्मचारी का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य | 01 | ----- रिक्त ----- |
| 2. | सहा. प्राध्यापक हिन्दी | 01 | डॉ. यू.के.मिश्र (प्राध्यापक एवं प्र.प्राचार्य) |
| 3. | सहा. प्राध्यापक भूगोल | 01 | श्री एन. के. साकरे |
| 4. | सहा. प्राध्यापक अंग्रेजी | 01 | श्री आर. पी. निषाद |
| 5. | सहा. प्राध्यापकअर्थशास्त्र | 01 | श्री व्ही. के. कोमा |
| 6. | सहा. प्राध्यापक प्राणी | 01 | श्रीमती राधेश्वरी देशमुख |
| 7. | सहा. प्राध्यापकराजनीति | 01 | श्री योगेश्वर साहू |
| 8. | सहा. प्राध्यापक इतिहास | 01 | श्री दीपक मेश्राम |
| 9. | सहा. प्राध्यापक रसायन | 01 | ----- रिक्त ----- |
| 10. | सहा. प्राध्यापक भौतिक | 01 | ----- रिक्त ----- |
| 11. | सहा. प्राध्यापक वनस्पति | 01 | ----- रिक्त ----- |
| 12. | सहा. प्राध्यापक गणित | 01 | ----- रिक्त ----- |
| 13. | सहा. प्राध्यापक माइक्रो | 01 | ----- रिक्त ----- |
| 14. | सहा. प्राध्यापक वाणिज्य | 01 | ----- रिक्त ----- |
| 15. | सहा. प्राध्यापक हिन्दी साहित्य | 01 | ----- रिक्त ----- |
| 16. | सहा. प्राध्यापक समाजशास्त्र | 01 | ----- रिक्त ----- |
| 17. | सहायक ग्रेड – 01 | 01 | श्री एस. एल. ध्रुव |
| 18. | सहायक ग्रेड – 02 | 01 | ----- रिक्त ----- |
| 19. | सहायक ग्रेड – 03 | 01 | ----- रिक्त ----- |
| 20. | प्रयोगशाला तकनीशियन | 03 | श्री के. एस. साहू 9009328360 |
| | | | ----- रिक्त ----- |
| | | | ----- रिक्त ----- |
| 21. | प्रयोगशाला परिचारक | 03 | श्री राहुल देव कुमार देवॉंगन |
| | | | श्री भूपेन्द्र कुमार गायकवाड़ |
| | | | श्रीमती पूर्णिमा रावटे |
| 22. | भृत्य | 02 | श्री बंसत कुमार भुआर्य 6267183826 |
| | | | श्री जितेन्द्र कुमार ध्रुव 9691422316 |

- ➢ वर्तमान सत्र् में गठित जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री सुरेश जैन (डौण्डी) है।
- ➢ रिक्त पदों पर शासन के निर्देशानुसार अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति द्वारा अध्यापन कार्य संचालित होता है।

Scanned with CamScanner